प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

पन्तनगर। 21 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय द्वारा अपने प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं को उन्मुख करने हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठात्री डा. अल्का गोयल व विभिन्न संकाय के विभागाध्यक्ष, प्लेसमेंट समन्वयक, बाहरी परीक्षा प्रकोष्ठ समन्वयक तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के आरंभ में डा. अल्का गोयल ने छात्रों के समक्ष अपनी बात रखी। उन्होंने विश्वविद्यालय संबधित नियमों के बारे में बताया एवं छात्र–छात्राओं को अश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा सर्वोपरि है तथा कॉलेज को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उन्होंने बताया की बी.एस.सी. कम्यूनिटी सांइस करने वाले सभी विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपना नाम बना रहे तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों से इसी प्रकार की आशा रखते हुए उन्हें मेहनत करने व अनुशासन में रहने की सलाह दी। इसके उपरांत डा. अर्चना कुशवाहा, विभागाध्यक्ष, खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग ने विद्यार्थियों को विभाग में उपयोग करने वाली नवीनतम मशीनों व तैयार पोषक खाद्य पदार्थो के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने विद्याथियों को परीक्षा प्रकोष्ठ के बारे में बताया तथा फाइनल पूर्व तथा फाइनल परीक्षा के अंको का विभाजन भी समझाया। डा. अदीति वत्स, विभागाध्यक्ष, संसाधन प्रबन्धन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग ने विद्यार्थियों को विभाग की सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई तथा विभाग से संबधित गतिविधियों के बारे में भी बताया। डा. सीमा क्वात्रा ने छात्र–छात्राओं को प्लेसमेंट का महत्व बताते हुए उन्हें जागरूक किया। तत्पश्चात डा. साक्षी ने वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग व डा. अनुपमा पांडे ने प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग के बारे में बताया। डा. साक्षी ने वस्त्र एवं परिधान अभिकल्पन विभाग से संबधित रोजगार के बारे में बताया। डा. रितु सिंह ने मानव विकास और परिवार अध्ययन विभाग से संबधित रूप–रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में डा. सोनू रानी ने एन.एस.एस. प्रोग्राम के बारे में विद्याथियों को समझाया।

कार्यक्रम का संचालन डा. शेफाली मैसी, स्टाफ काउंसलर होम सांइस सोसाइटी एवं डा. दिव्या सिंह को स्टाफ काउंसलर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गृह विज्ञान महाविद्यालय के सभी प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।



*कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करती अधिष्ठात्री गृह विज्ञान डा. अल्का गोयल।*

*निदेशक संचार*